राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०)
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)

7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226010

e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 4988/241/एनयूएलएम/तीन/ (EST&P) 2018-19 (Trg.) दिनांक 05/11/2018

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
2. समस्त सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर/परियोजना निदेशक,
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

विषयः DAY-NULM के घटक EST&P के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु शहरवार आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रशिक्षण प्रारम्भ कर दिनांक 31.03.2019 तक समाप्त करने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

कृपया दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार (EST&P) के अन्तर्गत ई–टेण्डर के माध्यम से शहरवार इम्पैनल्ड कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं की सूची कार्यालय ज्ञाप संख्या–2247 दिनांक 20.07.2018 और प्रशिक्षण कार्य हेतु पत्रांक–2498 दिनांक 02.08.2018 द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये जा चुके है।

उपरोक्त के क्रम में पत्रांक–2511 दिनांक 02.08.2018 द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु शहरवार लक्ष्यों का आवंटन किया गया है और उक्त पत्र में स्पष्ट अंकित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2018–19 की समाप्ति (31 मार्च, 2019) तक प्रत्येक दशा में भौतिक रुप से MIS पर प्रशिक्षण/बैचों को क्लोज अवश्य ही किया जाए।

जा0 05/11/2018

मुख्यालय स्तर पर के MIS के अनुसार अभी तक मात्र 05 शहरों (लखनऊ, सहारनपुर, हमीरपुर, फतेहपुर एवं रामपुर) में प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ हो पाया है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मात्र लगभग 05 माह अवशेष है, इन्ही अवशेष 05 माह में प्रशिक्षण प्रारम्भ कर समाप्त किया जाना प्रत्येक दशा में अनिवार्य है। जिन शहरों में 31 मार्च, 2019 तक प्रशिक्षण कार्य (बैच क्लोज) समाप्त नहीं होगा, उन बैचों का भुगतान नहीं किया जायेगा और पूर्व में भुगतान की गई राशि भी वसूली जायेगी और प्रशिक्षण कार्य निर्धारित अवधि एवं तिथि तक समाप्त नहीं होने की दशा में परियोजना अधिकारी का व्यक्तिगत जिम्मेदारी निर्धारित की जायेगी।

अतः उपरोक्तानुसार समयबद्ध रुप से प्रशिक्षण समाप्त होने के संबंध में कार्यवाही पूर्ण करने हेतु संबंधित परियोजना अधिकारी को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नकः यथोपरि।

2.11.2018

o/c (उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
2. संयुक्त सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
4. संबंधित कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं को इस आशय से निर्देशित कि DUDA-CMMU से समन्वय करते हुए प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करें।
5. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

2.11.2018

o/c (उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक